कैसी घडी आई माँ कैसी घडी आई

कैसी घडी आई माँ कैसी घडी आई,
नवराते बीते मैया हो गई विधाई,
कैसी घडी आई माँ कैसी घडी आई,

पहली पूजा की दिन घर में तू आई रे,
महकाया आंगन मेरा खुशिया माँ छाई रे,
छोड़ के माँ यु न जाओ करलो सुनाई,
कैसी घडी आई माँ कैसी घडी आई,

तुम से जुदाई माता सेह न पाउगा,
रो रो के मैया मैं तो मर जाउगा,
बेटे पे गम की बदली कैसी ये छाई,
कैसी घडी आई माँ कैसी घडी आई,

मुझसे जुदा होक माँ क्या तू रह पाएगी,
बेटे की तुझको भी तो याद माँ सताये गी,
धरीज का बाँध टुटा आती रुलाई,
कैसी घडी आई माँ कैसी घडी आई,

रोवे क्यों हर्ष बेटा दिल क्यों उदास है,
हर घडी माता रहती बेटो के पास है,
जब तू पुकारेगा मैं दौड़ी दौड़ी आई
कैसी घडी आई माँ कैसी घडी आई,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10103/title/kaisi-ghadi-aai-maa-kaisi-ghadi-aai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |